गुजरात, महाराष्ट्र में भारी वर्षा, बाढ़ जैसे हालात

कई आवासीय कालोनियों में भरा पानी, मोदी ने मुख्यमंत्री से बात कर ली स्थिति की जानकारी



अहमदाबाद में मूसलधार वर्षा के बाद एक शापिंग कंप्लेक्स का बेसमेंट पानी से भर गया और वहां पार्क एक कार पानी में डूब गई ● प्रेट्र



महाराष्ट्र के नासिक में मानसून की मूसलधार वर्षा और गंगापुर बांध से पानी छोड़े जाने के बाद गोदावरी नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर तक बढ़ कर शहर की तरफ बहने लगा। इस बाढ़ में मंदिर जलमग्न हो गए ● प्रेट्र

जेएनएन, नई दिल्ली : भारी वर्षा से गुजरात और महाराष्ट्र में स्थिति काफी भयावह हो गई है। मध्य प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में भी लोग परेशानी का सामना कर रहे हैं। गुजरात में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। अहमदाबाद और सूरत की कई आवासीय कालोनियों में पानी भर गया है। कई जिलों में नदी और नाले उफान पर हैं। इसके साथ ही बांधों की गहन निगरानी भी की जा रही है। पिछले 24 घंटे में इसके चलते सात लोगों की मौत हो गई। इस तरह से राज्य में एक जून से अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 63 हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से बात कर स्थिति की जानकारी ली है। उन्होंने केंद्र की ओर से हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है।

मौसम विभाग अहमदाबाद के निदेशक डा. मनोरमा मोहंती ने आगामी चार दिनों में डांग, नर्मदा, छोटा उदेपुर, पंचमहाल, नवसारी, भरुच, सुरत और तापी जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी दी है। प्रभावित जिलों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। राज्य सरकार ने आश्रय स्थलों पर रहने वालों को प्रतिदिन के हिसाब से नकद सहायता राशि देने की घोषणा की है। इस बीच, लगभग छह हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। बीते चौबीस घंटे में आठ जिले के विभिन्न स्थानों पर आठ इंच से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। छोटा उदेपुर के बोडेली में सर्वाधिक 22 इंच वर्षा दर्ज की गई।

भारी वर्षा से महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में स्थिति काफी बिगड़ गई है। यहां 129 स्थानों से 353 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। नासिक जिले में नदियों का जल स्तर बढ़ गया है। यहां तीन लोग लापता बताए गए हैं। मुंबई और इसके आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को भी बारिश हुई। विभिन्न स्थानों पर एसडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्थिति की समीक्षा के लिए गढ़चिरौली का दौरा किया है। यहां गोदावरी नदी के किनारे स्थित कई मंदिर जलमग्न हो गए हैं। मध्य प्रदेश के कई जिलों में रविवार से लेकर सोमवार तक भारी वर्षा होने से नदी-नाले उफना गए। इसके चलते राज्य में सात लोगों की मौत हो गई है। नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सौंसर के पास पानी आ जाने से यह सोमवार दोपहर 12 से दो बजे तक बंद रहा। भोपाल में हुई भारी वर्षा के कारण तीन विमानों को इंदौर डायवर्ट कर दिया गया। कर्नाटक में मलनाड, कोडागू, उत्तर कन्नड़ एवं तटीय क्षेत्रों में पिछले 10 दिनों से भारी वर्षा हो रही है।